दैनिक भास्कर बिलासपुर 12-07-2025

### नीली बत्ती गाड़ी पर बर्थडे...

# डीएसपी की पत्नी समेत 6 पर केस दर्ज

भास्कर न्यूज़ | अंबिकापुर

नीली बत्ती गाड़ी में बर्थडे मनाना डीएसपी की पत्नी को महंगा पड़ गया। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की सख्ती के बाद राज्य के मुख्य सचिव ने शपथ-पत्र के माध्यम से कोर्ट को अवगत कराया कि नियमों का उल्लंघन करने वाली डीएसपी की पत्नी सहित वाहन में मौजूद 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर चालान पेश कर दिया है। साथ ही कोर्ट ने दोषी महिला पर करीब 27 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। मामला रामानुजगंज में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 12वीं बटालियन में पदस्थ डीएसपी तस्लीम आरिफ की पत्नी का है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में डीएसपी की पत्नी नीली बत्ती वाली गाड़ी के बोनट पर बैठकर केक काटते हुए बर्थडे सेलिब्रेट करती नजर आई थीं।

